दिन–बुधवार दिनांक– 29 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भागलपुर के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।

02. राज्य सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी और अत्याधुनिक बनाने के लिए सैंतालीस साल पुरानी कार्यपालिका नियमावली में बदलाव करेगी।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है।

04. और, निगरानी की टीम ने पटना स्थित मौलाना मजहरूल हक अरबी–फारसी विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव को ढ़ाई लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया।

———————————————————————

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने मार गिराया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आज सुबह चार बजे से पांच बजे के बीच हुई मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुये हैं।

–––साउंड बाईट–––

कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या के मामले के मुख्य आरोपी रामधनी यादव को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार किया था। हत्या में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी के लिए उसे गुप्त स्थान ले जाया गया, जहां पहले से मौजूद उसके सहयोगियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस बीच, गिरफ्तार रामधनी यादव भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे गोली लगी और उसकी मौत हो गयी। उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। इधर, मुठभेड़ में घायल तीनों जवानों का जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि हत्या में शामिल दो अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लागातार छापेमारी की जा रही है। इस बीच, अपराधियों की गोलीबारी में घायल परिषद के सभापति राज कुमार गुड्डू को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के शहबाजपुर मठ मोहल्ले में एक परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतकों में महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। मृतका के पति ने भूमि विवाद में पट्टीदारों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी और अत्याधुनिक बनाने के लिए राज्य सरकार सैंतालीस साल पुरानी कार्यपालिका नियमावली में बदलाव करेगी। मंत्रिमंडल

सचिवालय की ओर से इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि सभी विभाग अपने–अपने कार्यों की विस्तृत और गहन समीक्षा करें। जो कार्य अब उपयोग में नहीं हैं या जिनकी जरूरत समाप्त हो चुकी है, ऐसे कार्यो की पहचान करें ताकि नई बनने वाली नियमावली में इन्हें हटाया जा सके। साथ ही वर्तमान में जो कार्य, योजनाएं या जिम्मेदारियां विभागों द्वारा निभाई जा रही हैं उन्हें नई नियमावली में शामिल किया जा सके। सरकार ने सभी विभागों से ग्यारह मई तक रिपोर्ट भेजने को कहा है। बारह मई को अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय के स्तर पर विस्तृत बैठक होगी जिसमें बदलावों पर विस्तार से चर्चा कर नियमावली को अंतिम रूप दिया जाएगा।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता में नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सबरीमाला मामले की सुनवाई करते हुये कहा कि किसी धार्मिक संस्था के प्रबंधन के अधिकार का मतलब यह नहीं है कि उसके संचालन के लिए कोई ढांचा न हो। प्रबंधन को लेकर अराजकता की स्थिति नहीं हो सकती है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत, विद्यार्थियों के अनिवार्य दाखिले को राष्ट्रीय मिशन बताते हुए बरकरार रखा है। न्यायालय ने कहा कि निजी गैर–सहायता प्राप्त संस्थानों सहित नजदीकी विद्यालय, पात्र विद्यार्थियों को बिना किसी देरी के दाखिला देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने कहा कि कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों को विद्यालयों में दाखिला ना देना, संविधान के अनुच्छेद 21–अ के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

———————————————————————

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। नई दिल्ली में आयोजित बैठक में उन्होंने सड़कों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने और आधुनिक निर्माण प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया। श्री गडकरी ने मॉनसून को देखते हुये प्रभावी जल निकासी व्यवस्था और ढलान सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा कोटे से बिहार विधान परिषद की रिक्त हुई एक सीट के उपचुनाव के लिए सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण कुमार सिंह ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। सूर्य कुमार शर्मा वर्तमान में बिहार भाजपा मुख्यालय प्रभारी हैं। गौरतलब है कि सीवान से मंगल पांडेय के विधायक चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई है। उप चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि तीस अप्रैल निर्धारित है जबकि चार मई तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। आवश्यकता होने पर बारह मई को मतदान होगा।

———————————————————————

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान जारी है। सात जिलों में एक सौ बयालीस निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच वोट डाले जा रहे हैं। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। इस चरण में तीन करोड़ बीस लाख से अधिक मतदाता दो सौ बीस महिलाओं सहित एक हजार चार सौ अड़तालीस उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। मतों की गिनती चार मई को होगी। इधर, पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। संबंधित जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों को सील कर सघन वाहन जांच की जा रही है।

———————————————————————

प्रदेश के मौसम में हुये बदलाव के चलते तापमान में गिरावट आयी है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन के तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है। वहीं, न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। आज राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। इधर, प्रदेश के उत्तरी भागों में आंधी और बारिश की स्थिति बनी हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अररिया जिले में कल रात तेज आंधी के साथ हुई बारिश से सिकटी, जोकीहाट, पलासी और कुर्साकांटा प्रखंडों में फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

———————————————————————

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने भीषण गर्मी के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर श्रमिकों की सुरक्षा और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। प्राधिकरण ने ठेकेदारों को दोपहर बारह बजे से शाम चार

बजे के बीच काम रोकने को कहा है। प्राधिकरण ने निर्देश दिया है कि भीषण गर्मी से बचने के लिए श्रमिकों को छायादार विश्राम स्थल, सुरक्षित पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

————————————————————

राज्य सरकार ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए एक हजार पचास करोड़ रूपये जारी किये हैं। इस राशि से शिक्षकों को अप्रैल और मई महीने के वेतन का भुगतान किया जायेगा।

————————————————————

दानवीर भामा शाह की आज जयंती है। इस अवसर पर पटना के पुनाईचक पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोग भामा शाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने भामा शाह को श्रद्धांजलि देते हुये उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

————————————————————

बिहार पुलिस की साईबर अपराध और सुरक्षा इकाई ने **साईबर प्रहार थ्री प्वाइंट ओ** नाम से नये अभियान की शुरूआत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि साईबर अपराध की रोकथाम के लिए शुरू किये गये इस अभियान के तहत म्यूल अकाउंट धारकों और साईबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। साथ ही ऑनलाईन ठगी, फर्जी एप और बच्चों से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री रखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने पटना स्थित मौलाना मजहरूल हक अरबी–फारसी विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव मोहम्मद सनाउल्लाह खान को ढ़ाई लाख रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सहायक कुलसचिव परीक्षाफल में प्रैक्टिकल का अंक जोड़ने और लंबित परीक्षाफल प्रकाशित करने के एवज में रिश्वत ले रहा था। इधर, विशेष निगरानी इकाई ने जमुई के सिकन्दरा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार और स्वच्छता साथी सोनू कुमार को पचास हजार रूपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के लिए शिकायतकर्ता से घूस ले रहे थे।

————————————————————

पटना के धनरुआ थाना क्षेत्र स्थित आश्रयपुर गांव में एक विवाह समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में चार वर्षीया बच्ची की मौत हो गई।

———————————————————————

पटना के बाढ़ की एक अदालत ने हत्या के छह वर्ष पुराने एक मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने सभी पर पचास–पचास हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, पटना की एक अदालत ने विदेशी सामान की तस्करी के मामले में दो दोषियों को तीन–तीन साल कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

सुपौल जिले के बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी क्षेत्र से एसएसबी ने भारी मात्रा में सागवान की लकड़ी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

किशनगंज जिले के गलगलिया चेकपोस्ट पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान कोयला लदे दो ट्रकों को जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में इन ट्रकों के कागजात में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। जीएसटी बिल और अन्य आवश्यक दस्तावेज संदिग्ध पाए गए हैं।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुकाबला होगा। मैच शाम साढे सात बजे से मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में खेला जायेगा। वहीं, कल हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। दो सौ तेईस रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, राजस्थान रॉयल्स ने उन्नीस ओवर और दो गेंद में चार विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बीस नवम्बर तक बिहार में पांच लाख करोड़ रूपये का निवेश लाने की तैयारी।

दैनिक जागरण ने केन्द्र सरकार के हवाले से लिखा है– विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने की योजना नहीं।

हिन्दुस्तान लिखता है– सुल्तानगंज नगर परिषद के ईओ को दफ्तर में गोलियों से भूना।

दैनिक भास्कर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के स्पष्टीकरण को प्रमुखता देते हुये लिखता है– आधार पहचान पत्र का सबूत, जन्म तिथि का नहीं।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल को हटाया गया।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने पश्चिम बंगाल चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. भागलपुर के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की हत्या में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।

02. राज्य सरकार प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी और अत्याधुनिक बनाने के लिए सैंतालीस साल पुरानी कार्यपालिका नियमावली में बदलाव करेगी।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है।

04. और, निगरानी की टीम ने पटना स्थित मौलाना मजहरूल हक अरबी–फारसी विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव को ढ़ाई लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।